समाचार

पौनी पसारी योजना

शासन की योजनाओं का लाभ जन–जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व–महापौर

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने दर्री प्रेमनगर में पौनी पसारी बाजार का किया लोकार्पण, हितग्राहियों को दिए आबंटन पत्र)

कोरबा 10 अगस्त 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना, उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करना, हम सभी का दायित्व है। छत्तीसगढ़ सरकार ने विगत ढाई वर्षो के दौरान दर्जनों जनहितकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर उनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया है, इन योजनाओं से कमजोर तबके के लोगो की आर्थिक स्थिति सुधरी है तथा उन्हें सम्मानजनक जीवन व्यतीत करने के अवसर प्राप्त हुए हैं।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने दर्री प्रेमनगर में आयोजित पौनी पसारी बाजार के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार की पौनी पसारी योजना के अंतर्गत अन्य विभिन्न स्थानों के साथ–साथ जेलगांव दर्री के समीप प्रेमनगर में पौनी पसारी बाजार का निर्माण कराया गया है, जिसके तहत 15 शेडयुक्त चबूतरें निर्मित किए गए हैं तथा शौचालय, पेयजल, लाईट आदि की व्यवस्था कराई गई है। सोमवार को आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान महापौर श्री

राजकिशोर प्रसाद ने इनका लोकार्पण किया, इस अवसर पर निगम के सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी सहित मेयर इन काउंसिल सदस्यगण, पार्षदगण, एल्डरमेनगण आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। महापौर श्री प्रसाद ने फीता काटकर व लोकार्पण पट्टिका का अनावरण कर पौनी पसारी बाजार को हिताग्राहियों को सौपा। इस मौके पर उन्होने आगे कहा कि प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन में कोरबा में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पानी, बिजली जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं की दिशा में ऐतिहासिक रूप से कार्य किए गए हैं तथा अनेक बड़ी उपलब्धियॉ प्राप्त हुई है। उन्होने कहा कि वे समाज के सभी वर्गो की हितों की चिंता करते हैं तथा उनके हितों के लिए सदैव संघर्ष करते आएं हैं, इसी का परिणाम है कि उन्हें समाज के सभी वर्गो का स्नेह व आशीर्वाद लगातार प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर निगम के सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने ढाई साल के कार्यकाल में दर्जनों योजनाओं का कियान्वयन कर जनकल्याणकारी सरकार की छबि बनाई है, इन योजनाओं का लाभ लोगों को प्राप्त हो रहा है, विशेषकर श्रमिक व गरीब वर्ग के लोगों को बड़ी राहतें प्राप्त हुई हैं, उनकी आर्थिक स्थिति सुधरी है तथा उनका जीवन स्तर ऊपर उठा है। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल हमें मार्गदर्शक के रूप में प्राप्त हुए हैं, जो हमारा सौभाग्य है।

<u>इन हितग्राहियों को मिले आबंटन पत्र</u> – इस अवसर पर महिला हितग्राहियों में श्रीमती कंचन मिश्रा, मालती साहू, बबीता, गुरूवारी बाई साहू, आशा बसौर, मीना बसौर तथा पुरूष हितग्राहियों में सरजू साहू, रामविलास साहू, अरूण बंसौर, शहाबुद्दीन, अरविंद बरेठ, मुकेश कुमार श्रीवास, संतोष बांधेकर आदि को चबूतरों के आबंटन पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश कार्यकारणी सदस्य एवं पार्षद सुरेन्द्रप्रताप जायसवाल, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, सुनील पटेल, रोपा तिर्की, मस्तुल सिंह कंवर, पार्षद दिनेश सोनी, कविता नारायण सिंह, मनीराम साहू, एल्डरमेन एस.मूर्ति, आशीष अग्रवाल, पूर्व पार्षद महेश अग्रवाल, कांग्रेस दर्री ब्लाक अध्यक्ष सुधीर जैन, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, विनोद अग्रवाल, अमृता निषाद, कुरान दास, राजेश यादव, भुनेश्वर प्रसाद, निगम के कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।